वर्ष : 1, अंक: 98 इंदौर,शनिवार 15 मार्च 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

DIGITAL EDITION

# स्टारलिंक की भारत में एंट्री को लेकर केंद्र सरकार ने रखी शर्त !

**रंजीत टाइम्स » आदित्य शर्मा**
**सलाहकार संपादक**

**स्टारलिंक की** भारत में एंट्री को लेकर भारत ने अहम शर्त रखी है। केंद्र सरकार ने एलन मस्क के सैटेलाइट वेंचर स्टारलिंक को भारत में एक कंट्रोल सेंटर स्थापित करने को कहा है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जब भी आवश्यक हो, संवेदनशील और अशांत क्षेत्रों में टेलीकम्युनिकेशन सर्विसेज को सस्पेंड या बंद किया जा सके।

शीर्ष सूत्रों ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि सुरक्षा प्रतिष्ठान ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तरफ से आधिकारिक चैनलों के माध्यम से कॉल इंटरसेप्शन की अनुमति देने के लिए निर्दिष्ट आदेश दिए हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंस के लिए स्टारलिंक की एप्लिकेशन लास्ट स्टेज में है। इसमें कंपनी मार्केटिंग, तैनाती और नेटवर्क बढ़ाने के लिए रिलायंस जियो और एयरटेल के साथ समझौते कर रही है।

## कंपनियों के बीच किस तरह के मतभेद

जियो ने सरकार से 3 साल के लाइसेंस की मांग की है। कंपनी का कहना है कि 3 साल बाद सरकार बाजार की स्थिति का फिर से आकलन कर सकती है। एयरटेल ने भी 3 से 5 साल की अवधि के लिए लाइसेंस देने की मांग की है, जबकि स्टारलिंक ने सरकार से 20 साल का लाइसेंस मांगा है। कंपनी का कहना है कि इससे वह लंबी अवधि की योजना बनाकर सस्ती सर्विस दे पाएगी।

## '5 साल के लिए आवंटित करने की योजना'

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत के दूरसंचार नियामक ने बाजार में शुरुआती इस्तेमाल का आकलन करने के लिए सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम को लगभग पांच वर्षों के लिए आवंटित करने की सिफारिश की योजना बनाई है, जो एलन मस्क के स्टारलिंक ने 20 साल के लिए सैटेलाइट स्पेक्ट्रम ब्रॉडबैंड लाइसेंस मांगा है।



## क्यों अहम है कंट्रोल सेंटर

**एक कंट्रोल** सेंटर इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश के किसी भी हिस्से में कानून-व्यवस्था की स्थिति में अचानक बदलाव के कारण सैटेलाइट के माध्यम से दी जाने वाली कम्युनिकेशन सर्विसेज सहित इन्हें तत्काल सस्पेंड और बंद करना पड़ सकता है। हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि जब भी ऐसी कोई आवश्यकता उत्पन्न हो, तो हम उनके (स्टारलिंक के) दरवाजे खटखटाएं या अमेरिका में उनके हेडक्वार्टर से संपर्क करें। एक सूत्र ने टीओआई को बताया, कंपनी ने सरकार को आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को देख रही है। रिपोर्ट में कंट्रोल सेंटर के महत्व पर जोर देते हुए कहा गया है कि यह बहुत जरूरी है, क्योंकि देश के किसी भी हिस्से में कानून और व्यवस्था की स्थिति में अचानक बदलाव के कारण संचार सेवाओं, जिसमें सैटेलाइट के जरिए दी जाने वाली सेवाएं भी शामिल हैं, को बंद करने की जरूरत पड़ सकती है।

# लाड़ली बहनों की भी हो ली... होली!

## रेडीमेड गारमेंट में काम करने पर मिलेगा पांच हजार इंसेंटिव

## मुख्यमंत्री बोले - एक साल में 61 हजार युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

**मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि कोई लाड़ली बहन अगर रेडीमेड गारमेंट में काम करेगी तो उसे पांच हजार रूपए प्रति महीना इंसेंटिव दिया जाएगा। वहीं लाडली बहनों की राशि को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक साल में 61 हजार युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।**

» रंजीत टाइम्स «

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सदन में विपक्ष से कहा कि जैसे हमने अपनी बात सुनी उम्मीद है आप भी मेरी बात सुनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से हमने बजट रखा है। आप सबके सहयोग से 5 साल में हम बजट डबल करने का संकल्प ले रहे है। साल 2047 तक हम 4 लाख से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ तक करने का संकल्प कर रहे है। कांग्रेस सरकार में 80 से घटकर 60 फीसदी प्रति व्यक्ति आय हो गई। भाजपा सरकार में फिर 80 फीसदी पर लेकर आए। राज्य की जीडीपी भी हमारी सरकार में बढ़ी है। तेज गति से चलने वाली अर्थव्यवस्था मध्यप्रदेश है। कृषि क्षेत्र में 44 फीसदी योगदान रहा। बजट को 5 साल में डबल करने का संकल्प लिया है। सदन में मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए कहा कि लाडली बहनों को गारमेंट्स सेक्टर में काम करने पर 5 हजार का इंसेंटिव देंगे। एक लाख दीदीयां लखपति बनी। वहीं लाडली बहनों की राशि को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा। 13 करोड़ से ज्यादा पर्यटक प्रदेश में आ रहे। एक साल में 2 टाइगर रिजर्व बनाए गएं।

## छह हजार से ज्यादा पदों पर नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साल में 61 हजार युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। एक लाख पदों पर भर्ती की जा रही है। 6440 पदों पर नियुक्ति का निर्णय ले लिया गया है। इस पर विधायक सचिन यादव ने कहा कि ओबीसी को नियुक्ति देने में देरी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जवाब दिया कि कोर्ट के आदेश का इंतजार है।



# जन्मजात नागरिकता प्रतिबंधों को आंशिक रूप से अनुमति दी जाए : ट्रंप

- सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने जजों के आदेशों को सीमित करने का किया था अनुरोध
- ट्रंप के हस्ताक्षरित आदेश पर रोक लगा दी थी डिस्ट्रिक्ट जजों ने
- फिलहाल पूरे देश में रोक दिया गया है राष्ट्रपति के इस आदेश को
- तीन संघीय अपील अदालतों ने प्रशासन की याचिकाओं को कर दिया है खारिज




# सूटकेस में मिला महिला का कटा सिर

**रंजीत टाइम्स**

मांडवी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के विरार फाटा स्थित पीरकुंडा दरगाह के पास झाड़ियों में सूटकेस के अंदर एक अज्ञात महिला का कटा सिर मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने सिर को कब्जे में लेकर महिला के धड़ की तलाश में जुटी है।



महिला की उम्र 30 से 35 वर्ष आंकी गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस की चार टीमें मामले की जांच में जुटी हुई हैं।



**रंजीत टाइम्स » इंदौर**

इंदौर के राजवाड़ा पर आज ऐतिहासिक सरकारी होलिका दहन का आयोजन हुआ। होलिका दहन के लिए 1100 कंडों का उपयोग हुआ और पूजा में देवी अहिल्या बाई होलकर के 300 साल पुराने चांदी के बर्तनों का उपयोग किया गया। राजवाड़ा पर प्रदोष काल में शाम 7 बजे सरकारी होलिका का दहन किया गया। होलकर राजवंश के शिवाजी राव होलकर (रिचर्ड महाराज) होलिका दहन करने इंदौर पहुंचे। उनके साथ करीब 40 विशिष्ट मेहमान भी थे। वहीं इंदौर के सांसद शंकर लालवानी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इस दौरान मौजूद थे। होलिका दहन के बाद सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।इससे पहले शिवाजी राव होलकर ने राजवाड़ा में भगवान के दर्शन कर देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद होलिका की पूजा की।



### होली की ड्यूटी में

# टीआई पाठक का निधन

**रंजीत टाइम्स » इंदौर**

होली की ड्यूटी के दौरान टीआई संजय पाठक को बेटमा में हार्ट अटैक आ गया। उन्हें इंदौर के बॉम्बे अस्पताल लाया गया जहा उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे है। संजय पाठक की गिनती एक दबंग पुलिस अधिकारी में होती थी।आकस्मिक निधन होने के कारण,उक्त पुलिस होली समारोह निरस्त किया गया।

# महाविद्यालय में 20 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन

**रंजीत टाइम्स » कन्नौद**

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कन्नौद जिला-देवास में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं उद्यमिता विकास केन्द्र (सैडमैप) द्वारा 15 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुए अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन आज 13 मार्च 2025 को किया गया। महाविद्यालय की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. कविता चौकसे ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण में स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष की 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण 20 दिवसीय था। यह प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास और कम्यूनिकेशन स्किल और कम्प्यूटेशनल कौशल पर आधारित रहा। इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत विद्यार्थियों को स्व-जागरुकता, संप्रेषण, लक्ष्यनिर्धारण, आत्म-विश्वास बनाना, माइक्रोसोफ्ट वर्ड, एक्सेल, पब्लिक स्पीकिंग, पॉवर पाइंट प्रस्तुतीकरण, माइक्रोकोसफ्ट आउटलुक आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रेमपाल ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया, एवं अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को।

## इन्दौर इवेंट्स ने खेली मॉडल कुणाल संग राधा कृष्ण थीम होली

राजेश धाकड़

शुक्रवार होली पर इन्दौर इवेंट्स द्वारा एमआर 10 स्थित आनंद मिलन गार्डन में होली इवेंट रखा गया। जिसमें इन्दौर शहर के लोकप्रिय मॉडल एवं श्री परशुराम युवा सेना विधानसभा अध्यक्ष कुणाल पंचोली इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इन्दौर इवेंट से रितिक मालवीय, कुणाल जैसवाल, कृष्णा प्रजापत द्वारा कुणाल का स्वागत किया गया, जिसके पश्चात कुणाल ने वहां लोगों के संग होली खेली। यह इवेंट पूर्णतः राधा कृष्ण वृंदावन होली थीम पर बेस्ड था। जिसमें फूल एवं गुलाल से सभी ने होली खेली। इन्दौर इवेंट्स द्वारा इस इवेंट में अन्य कई चीजें रखी गई थीं, जैसे मटकी फोड़ कॉम्पिटिशन, ठंडाई, फूड स्टॉल, रैन डांस, स्विमिंग पूल जैसी अन्य कई व्यवस्थाएं थी एवं ऑर्गेनिक कलर्स से यहां होली खेली गई। कुणाल ने भी इस इवेंट को बखूबी एंजॉय किया। इवेंट के पहले सोशल मीडिया पर कुणाल का इवेंट के लिए प्रमोशनल वीडियो चर्चा का विषय रहा। कुणाल इसके अलावा भी अन्य कई निजी इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ निपूर्ण वर्मा, राहुल नांदुरकर, जयदीप पांचाल, अग्रिम सोनी, कनिष्क जैन एवं अन्य साथी उपस्थित थे।



## कौशल पाल उर्फ छोटू राजा पाल का टीए में चयनित होने पर हुआ गृह ग्राम छिरवाहा में हुआ जगह -जगह भव्य स्वागत



रंजीत टाइम्स » जगदीश पाल

शिवपुरी जिले के पिछोर परगना छिरवाहा निवासी कौशल पाल का टीए में चयन अपनी ट्रेनिंग पर घर से निकले तो परिवार के सदस्यों से मिठाई खिलाकर सभी ने शुभकामनाएं दीं और जब इस बात की खबर उनके ग्रामीणों और रिश्तेदारों को मिली तो बधाई देने वालों का जमावड़ा घर पर लगने लगा तकरीबन सेकडो की संख्या में लोगो ने पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया पाल बघेल समाज के साथ अन्य समाज के लोग भी उनको बधाई देने पहुंचे कौशल पाल ने बताया है कि मैंने दिन रात मेहनत करके इस सफलता को प्राप्त किया है ऐसा भी कई बार हुआ है जब पढ़ते-पढ़ते कब रात गुजर गई पता भी नहीं चला हमने बहुत मेहनत मशक्कत की तब जाकर देश की सेवा के लिए यह पल आए हैं उन्होंने कहा युवा वर्ग को सदैव लगातार सही दिशा में लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करनी चाहिए मनुष्य के साहस से बड़ा कोई भी लक्ष्य नहीं है अगर इंसान ठान ले तो कोई भी बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है छोटू राजा पाल ने बताया है कि दौड़ने में शिवपुरी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया कई बार पिछोर की दौड़ प्रतियोगिता में सफल रहा हूं पहली बार ही नौकरी की तैयारी का फॉर्म भरा था पहले ही प्रयास में सफलता मिली है इस अवसर पर नरवर जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरव पाल ,मेहरवान सिंह बघेल कुंडलपुर शिशुपाल सिंह बघेल राजकुमार पाल, शोभाराम पाल, रतिराम पाल,कमलेश पाल, पंजाब सिंह बघेल,अलावा उनके परिवार के सदस्य व नन्हे मुन्ने बच्चे भी ग्रामीण उनको देखने सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोग उनके स्वागत पर पहुंचे ट्रेनिंग पर जाते समय सभी क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## मेरे साथ संबंध बना नहीं तो...

### हिंदू युवती को अरशद कर रहा था परेशान

इंदौर में एक वर्ग विशेष का युवक लंबे समय से एक हिंदू युवती को लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। युवती के चेहरे को अश्लील फोटो के साथ जोड़कर उसे सोशल मीडिया पर डालकर बदनाम कर रहा था। युवती ने समझाने की कोशिश की लेकिन उसके सब्र का बांध टूट गया। उसने हिंदूवादियों से संपर्क कर उन्हें पूरा मामला बता दिया। इसके बाद युवती के बुलावे पर विजयनगर थाना क्षेत्र में मिलने आए युवक की जमकर धुनाई कर दी गई। हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के इंदौर विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर के अनुसार एक हिंदू युवती ने शिकायत की थी कि उसे खंडवा में रहने वाला मुस्लिम युवक परेशान कर रहा है। युवक ने सोशल मीडिया से उसके फोटो निकाले और चेहरे की कटिंग कर उसे किसी अन्य युवती के न्यूड फोटो के साथ एडिट कर दिया। इसके बाद उक्त फोटो को उसे भेजकर ब्लैकमेल कर रहा है। धमका रहा है कि मेरे साथ शारीरिक संबंध बना नहीं तो फोटो-वीडियो वायरल कर दूंगा। युवक की हरकत से वह बहुत डरी हुई है। समझाने के बाद भी युवक मान नहीं रहा है। लगातार परेशान कर रहा है। तनाव में युवती गलत कदम तक उठाने की सोचने लगी थी।



जैसे ही आया, घेराबंदी कर दबोच लिया- प्रवीण दरेकर के मुताबिक युवती की पीड़ा सुनने के बाद उसे सांत्वना देकर शांत कराया। इसके बाद युवती के जरिए योजनानुसार युवक अरशद अंसारी निवासी खंडवा को मिलने बुलाया गया। कल दोपहर जैसे ही अरशद इंदौर पहुंचा। उसे विजय नगर क्षेत्र में मेदांता अस्पताल के पास मिलने बुलाया गया। जिला संयोजक लक्की रघुवंशी साथी कार्यकर्ताओं कौशल ठाकुर, गौरव राठौर, प्रफुल्ल हल्दे, मनी सेंगर, बंटी ऊके, कुणाल कुशवाहा, अंकित मीणा और आशीष के साथ घेराबंदी करके बैठे थे। जैसे ही अरशद युवती के पास पहुंचा। इशारा मिलते ही सभी ने उसे घेर लिया। पूछताछ के बाद उसे सबक सिखाते हुए विजय नगर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि युवती ने बदनामी के डर से केस दर्ज नहीं कराया लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स
न्यूज़पेपर के साथ और बनिए
जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर
आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278

# 'हाई' प्रोफाइल अंधेरी ड्रग्स सप्लाई में अव्वल, मालवणी दूसरे नंबर पर

## अंधेरी, कुर्ला और मालवणी में ड्रग्स का जाल तेजी से बढ़ रहा, सीएम जता चुके चिंता

रंजीत टाइम्स

■ **मुंबई:** मायानगरी मुंबई में बढ़ते नशे के जाल को तोड़ने के लिए सरकार और पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या अभी भी गंभीर बनी हुई है। अंधेरी, मालवणी, कुर्ला समेत अन्य इलाकों मे ड्रग माफिया के खिलाफ पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी गई है, लेकिन क्या यह प्रयास शहर को नशे से मुक्त कर पाएगा? नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेसेस यानी एनडीपीएस के तहत दर्ज केस और ड्रग्स की जब्ती से संबंधित 2024 के आंकड़े बता रहे हैं कि मुंबई में सबसे अधिक मादक पदार्थों की खपत पश्चिमी उपनगर में हो रही है। यहां अंधेरी, मालवणी में तस्करी के मामलों मे काफी वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाई प्रोफाइल अंधेरी में ड्रग्स की सप्लाई सबसे अधिक होती है। अंधेरी में 317 मामले दर्ज किए गए, जो पूरे मुंबई में सबसे अधिक हैं। इस इलाके से 369 लोगों को गिरफ्तार कर इनसे 154.981 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

अधेरी के बाद 146 केसों के साथ मालवणी दूसरे नंबर पर है। मादक पदार्थों की जब्ती के मामले में पूर्वी उपनगर का कुर्ला सबसे आगे था। यहां से सबसे अधिक 383.458 किलोग्राम मादक पदार्थों की बरामदगी हुई थी। ड्रग्स के खिलाफ काम करने वाले बीजेपी विधायक अमित साटम बताते हैं कि पिछले छह महीनों मे मैंने लगातार क्राइम ब्रांच और लोकल पुलिस के साथ मिलकर इस समस्या पर काम किया है। पिछले महीने 10 नए मामले दर्ज कराए गए हैं। साटम ने अंधेरी के जुहू गली और गिल्बर्ट हिल क्षेत्रों मे नशीली दवाओं की बढ़ती तस्करी पर चिंता जताते हुए सरकार और पुलिस से ड्रग्स तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधानसभा में भी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ड्रग्स के बढ़ते कारोबार पर चिंता व्यक्त की थी।

### अंधेरीः 317 मामले दर्ज, 369 लोग गिरफ्तार, 154.981 किलो ड्रग्स जब्त

### मुंबई में कुर्ला और राज्य में पुणे से सर्वाधिक हुई ड्रग्स की बरामदगी



AI Image

### 18 साल का युवक बना ड्रग तस्करी का शिकार

अंधेरी के जुहू गली इलाके में रहने वाला 18 वर्षीय राहुल (बदला हुआ नाम) बेरोजगारी से जूझ रहा था। जल्दी से पैसा कमाने के लालच में उसने एक अनजान व्यक्ति से दोस्ती की, जिसने उसको कुछ पार्सल डिलीवर करने के लिए पैसे देने का वादा किया। राहुल को यह नहीं पता था कि वह एक ड्रग तस्करी रैकेट में फंस रहा है। पार्सल डिलीवरी करने के दौरान जब पुलिस ने उसको पकड़ा, तो उसके पास से मिले पार्सल से गांजा और चरस बरामद हुए। राहुल को ANC ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि उसे हर डिलीवरी पर 2 हजार रुपये मिलते थे, लेकिन वह नहीं जानता था कि वह ड्रग्स सप्लायर गिरोह का हिस्सा बन गया है। राहुल अभी सुधार गृह में है।



### एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का गठन अहम

**महाराष्ट्र सरकार ने** मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। इनमें हर जिले में एंटी-नार्कोटिक्स सेल (ANC) की स्थापना और अगस्त 2023 में एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का गठन सबसे महत्वपूर्ण है। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस और कुरियर सेवाओं के जरिए ड्रग्स के अवैध परिवहन को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निजी कुरियर अथवा फूड डिलिवरी और ई कॉमर्स कंपनियों के मादक पदार्थों के परिवहन में संलिप्तता पाए जाने पर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश है।

**नशे का अड्डा बन रहा है महाराष्ट्र**

NDPS से जुड़े राज्य में केस
15,873

ड्रग्स से जुड़े गिरफ्तार आरोपी
14,230

अवैध परिवहन-कब्जे से जुड़े मामले
2,738

मादक पदार्थ जब्त किए
4,249.90
करोड़ रुपये के

**मुंबई में NDPS से जुड़े केस**

ड्रग्स के कुल केस
1,153

गिरफ्तार आरोपी
1,342

मादक पदार्थ जब्त
513
करोड़ रुपये के

**जब्ती में पुणे अव्वल**

मादक पदार्थों के केस
129

गिरफ्तार आरोपी
204

मादक पदार्थों की जब्ती
3,679.36
करोड़ की



### कुर्ला में 63 मामले, 383 किलो ड्रग्स बरामद हुआ

- एनडीपीएस आंकड़ों के अनुसार, अंधेरी, मालवणी और कुर्ला जैसे इलाकों में सबसे अधिक ड्रग्स की बरामदगी हुई है।
- कुर्ला में 63 मामलों में 94 लोगों की गिरफ्तारी हुई। यहां से सबसे ज्यादा 383.458 किलो ड्रग्स बरामद हुआ था, जो ड्रग्स की बरामदगी के मामले में सबसे अधिक है।
- घाटकोपर में 94 केस दर्ज हुए, जिनमें 110 गिरफ्तारी और 41.237 किलो ड्रग्स जब्त किए गए।
- दहिसर में 52 मामलों में 57 गिरफ्तारी और 17.871 किलो ड्रग्स मिला।
- मालाड में 46 मामले में 72 गिरफ्तारी और 58.288 किलो ड्रग्स जब्त हुआ।
- चांदिवली में 42 केसों में 48 लोग पकड़े गए, जबकि 82.367 किलो ड्रग्स मिला।
- माहिम में 24 केस में 41 गिरफ्तारी और 105.665 किलो नशीला पदार्थ जब्त हुआ।
- पूर्वी उपनगर में गोवंडी में 23 मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी हुई और 111.099 किलो ड्रग्स पकड़ा गया।



**“मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी है। नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। लोगों से अपील है कि वे ड्रग्स से जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी नजदीकी पुलिस को दें अथवा हेल्पलाइन के जरिए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।**

– सत्य नारायण चौधरी, जॉइंट सीपी, (कानून-व्यवस्था) मुंबई पुलिस

**यहां पाएं मदद**

**14446** राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर

**1933** NCB हेल्पलाइन से संपर्क करें

मुंबई पुलिस हेल्पलाइन नंबर
**100/9819111222**
**22621855**

**नोटः** एनसीबी-मानस पोर्टल नशीली दवाओं से संबंधित मामलों की रिपोर्ट करने और इससे निपटने में मदद करता है।

# महाविद्यालय में 20 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन

रंजीत टाइम्स

कन्नौद :शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कन्नौद जिला-देवास में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं उद्यमिता विकास केन्द्र (सैडमैप) द्वारा 15 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुए अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन आज 13 मार्च 2025 को किया गया। महाविद्यालय की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. कविता चौकसे ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण में स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष की



39 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण 20 दिवसीय था। यह प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास और कम्यूनिकेशन स्किल और कम्प्यूटेशनल कौशल पर आधारित रहा। इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत विद्यार्थियों को स्व-जागरुकता, संप्रेषण, लक्ष्यनिर्धारण, आत्म-विश्वास बनाना, माइक्रोसोफ्ट वर्ड, एक्सेल, पब्लिक स्पीकिंग, पॉवर पाइंट प्रस्तुतीकरण, माइक्रोकसोफ्ट आउटलुक आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रेमपाल ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया, एवं अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को




# भारत के इस रहस्यमय किले में छुपा है गहरा राज, रात में यहां जाना खतरे से खाली नहीं




**भारत में ऐसे कई रहस्यमय किले मौजूद हैं, जो बाहर से देखने पर तो काफी खूबसूरत लगते हैं, लेकिन वो अपने अंदर कुछ राज समेटे हुए हैं। एक ऐसा ही रहस्यमय किला है बुदेंलखंड प्रांत में, जिसे कालिंजर के किले के नाम से जाना जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि बुदेंलखंड प्रांत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों में बंटा हुआ है। इस प्रांत के अंदर आने वाले कुछ जिले उत्तर प्रदेश में पड़ते हैं तो कुछ मध्य प्रदेश में पड़ते हैं। वैसे कालिंजर यूपी के बांदा जिले में स्थित है।**

कालिंजर का किला भारत के सबसे विशाल और अपराजेय दुर्गों में गिना जाता रहा है। प्राचीन काल में यह दुर्ग जेजाकभुक्ति (जयशक्ति चन्देल) साम्राज्य के आधीन था। बाद में यह 10वीं शताब्दी तक चन्देल राजपूतों के आधीन और फिर रीवा के सोलंकियों के आधीन रहा। इन राजाओं के शासनकाल में कालिंजर पर महमूद गजनवी, कुतुबुद्दीन ऐबक, शेर शाह सूरी और हुमांयू जैसे योद्धाओं ने आक्रमण किए, लेकिन इस पर विजय पाने में असफल रहे। कालिंजर विजय अभियान में ही तोप का गोला लगने से शेरशाह की मृत्यु हो गई थी। बाद में मुगल बादशाह अकबर ने इस पर अधिकार कर लिया और किले बीरबल को तोहफे में दे दिया। इस किले में कई प्राचीन मंदिर भी हैं। इनमें से कई मंदिर तीसरी से पांचवीं सदी यानी गुप्तकाल के हैं। यहां के शिव मंदिर के बारे में मान्यता है कि सागर-मंथन से निकले विष को पीने के बाद भगवान शिव ने यहीं तपस्या कर उसकी ज्वाला शांत की थी। यहां स्थित नीलकंठ मंदिर को कालिंजर के प्रांगण में सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण और पूज्यनीय माना गया है। कहते हैं कि इसका निर्माण नागों ने कराया था। इस मंदिर का जिक्र पुराणों में भी है। इस मंदिर में एक शिवलिंग स्थापित है, जिसे बेहद प्राचीनतम माना गया है। नीलकंठ मंदिर के ऊपर ही जल का एक प्राकृतिक स्रोत है, जो कभी सूखता नहीं है। इसी जल से



मंदिर में मौजूद शिवलिंग का अभिषेक निरंतर प्राकृतिक तरीके से होता रहता है। वैसे बुंदेलखंड का यह इलाका सूखे के कारण जाना जाता है, लेकिन यहां कितना भी सूखा पड़े, जल का यह स्रोत कभी नहीं सूखता है। कहते हैं कि कालिंजर के किले में कई रहस्यमयी छोटी-बड़ी गुफाएं भी मौजूद हैं। जमीन से 800 फीट की ऊंची पहाड़ी पर बना कालिंजर का यह किला जितना शांत है, उतना ही खौफनाक भी। कहते हैं कि रात होते ही यहां एक अजीब सी हलचल पैदा हो जाती है। लोगों का मानना है कि यहां मौजूद रानी महल से रात को अक्सर घुंघरुओं की आवाज सुनाई देती है। यही वजह है कि यहां दिन के समय तो लोग घूमने के लिए आते हैं, लेकिन रात होने से पहले ही वो यहां से निकल जाते हैं। इस किले में प्रवेश के लिए सात दरवाजे बने हुए हैं और ये सभी दरवाजे एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। यहां के स्तंभों और दीवारों में कई प्रतिलिपियां बनी हुई हैं। मान्यता है कि प्रतिलिपियों में यहां मौजूद खजाने का रहस्य छुपा हुआ है, जिसे अब तक कोई भी ढूंढ नहीं पाया है। इस किले में सीता सेज नामक एक छोटी सी गुफा है, जहां एक पत्थर का पलंग और तकिया रखा हुआ है। माना जाता है कि यह जगह माता सीता की विश्रामस्थली थी। यहीं एक कुंड भी है, जो सीताकुंड कहलाता है। किले में बुड्ढा और बुड्ढी नामक दो ताल हैं, जिसके जल को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। मान्यता है कि इनका जल चर्म रोगों के लिए लाभदायक है और इसमें स्नान करने से कुष्ठ रोग भी ठीक हो जाता है।





## चीन में बना दुनिया का सबसे बड़ा स्टैंडिंग लैंटर्न

चीन में इस वक्त जोर-शोर से बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर के दौरान यहां के लुयोयांग में दुनिया का सबसे बड़ा स्टैंडिंग लैंटर्न यानी लालटेन बनाया गया है। यह लालटेन 147 फीट लंबा, 81 फीट ऊंचा और 64 फीट से ज्यादा चौड़ा है। इसका वजन करीब 4500 टन है। इस लैंटर्न को 200 से ज्यादा कलाकारों ने 17 दिनों की दिन-रात की मेहनत से तैयार किया है। इस लैंटर्न को सिटी ऑफ फ्लॉवर पीउनी की थीम पर बनाया गया है। इसमें 36 पंखुड़ियां और 6 परतें हैं। इस विशाल लालटेन को गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है। इस लैटर्न की ऊंचाई 100 लोगों के एक के ऊपर एक खड़े होने के बराबर है। लैंटर्न को 53 हजार लाइट सोर्स से जगमग किया गया है। इस लैटर्न की खास बात यह है कि यह पूरी तरह से हैंडमेड है।



## पेरू की झील में टोटोरा पौधों से बने हैं ये मानव निर्मित आइलैंड

पेरू और बोलिविया सीमा पर स्थित है टिटिकाका झील। यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है। इस झील पर स्थानीय लोग आइलैंड बनाकर रहते हैं। स्थानीय उरोस लोग बांस की तरह के एक पौधे टोटोरा से इन आइलैंड्स को बनाते हैं। इस समय यहां करीब 120 मानव निर्मित आइलैंड हैं और इन पर 1300 लोग रह रहे हैं। इसी से लोग नावे भी बनाते हैं। लेकिन समय के साथ यहां रहने वालों के जीवन में भी बदलाव आया है। अब यहां तकनीक का प्रभाव देखने को मिलता है। लोगों के घर सोलर पैनल्स द्वारा पैदा की गई रोशनी से रोशन हो रहे हैं। दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी झील टिटिकाका में पानी में तैरती बस्तियां बसाई जा रही हैं। यह जगह समुद्रतल से 12,500 फीट ऊंचाई पर है। ये द्वीप इंसानों के बनाए हुए हैं और सभी तैरते हैं। द्वीपों की इन्हीं खासियत के कारण यहां की आबादी लगातार बढ़ रही है। पेरू और बोलीविया के लोगों ने झील में छोटे-छोटे नए आइलैंड बनाने शुरू कर दिए हैं।


### टोटोरा रीड्स के बने हैं आइलैंड

इन द्वीपों का बेस टोटोरा रीड्स की मोटी चादर पर बना है। इन पर घर भी हल्की लकड़ी और टोटोरा रीड्स के बने हैं। इसके चलते ये तैरते रहते हैं। टोटोरा रीड्स जलीय इलाकों में पाई जाने वाली लकड़ी होती है। कुछ मछुआरे इसकी नाव भी बनाते हैं।



रणजीत टाइम्स
इंदौर, शनिवार 15 मार्च 2025

# मालदीव में छुट्टियां मना रही रकुल प्रीत



मुंबई। बालीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने पति, निर्माता-अभिनेता जैकी भगनानी के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। यहां से एक्ट्रेस ने अपने वेकेशन की कई रोमांटिक फोटोज शेयर की हैं। उन्होंने एक प्यार भरा पोस्ट भी लिखा है।

रकुल ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कपल एक-दूसरे को हग करते दिख रहा है। वीडियो में रकुल, जैकी से पूछती हैं, 'सनसेट पसंद है?' जैकी रकुल की ओर देखते हैं और जवाब देते हैं, 'बहुत प्यारा है'। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं और फिल्म, पर्सनल लाइफ से जुड़े पोस्ट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इससे पहले रकुल ने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि पति जैकी भगनानी ने उन्हें गुलाबी लिली का गुलदस्ता भेंट किया, जिसे पाकर वह बेहद खुश हैं। एक्ट्रेस ने फैंस के साथ अपनी खुशी शेयर करने के लिए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन का सहारा लिया, जिसमें वह गुलाबी लिली थामे कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती नजर आईं। तस्वीर को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जब पति फूल लेकर आते हैं। जैकी भगनानी, आई लव यू'। पिछले साल शादी के बंधन में बंधे रकुल और जैकी ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने पर 21 फरवरी को जश्न मनाया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जिसमें उन्होंने साथ बिताए अपने अनमोल पलों को कैद किया।

क्लिप में रकुल और जैकी के साथ बिताए समय की मनमोहक झलकियां भी दिखाई दीं। रकुल और जैकी कोविड लॉकडाउन के दौरान करीब आए थे। कई मौकों पर हुई मुलाकात के बाद उनका रिश्ते और भी मजबूत हुआ। साल 2021 में रकुल के जन्मदिन के मौके पर कपल ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। इसके बाद दोनों ने 21 फरवरी, 2024 को गोवा में शादी की। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत अपनी हालिया रिलीज 'मेरे हसबैंड की बीवी' में अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ नजर आईं। रकुल जल्द ही 'दे दे प्यार दे 2' में अपने 'आयशा खुराना' की अपनी भूमिका को दोहराती नजर आएंगी।

## भंडारी प्रत्यर्पण, अपील की अनुमति मांगी

**भाषा, लंदन :** संजय भंडारी प्रत्यर्पण मामले में प्रतिवादी के रूप में भारत सरकार ने लंदन हाई कोर्ट से दिल्ली में वांछित रक्षा क्षेत्र के सलाहकार को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ अपील करने की अनुमति मांगी है। भंडारी कथित कर चोरी और धन शोधन के आरोपों का सामना करने के लिए वांछित है।

मामले से परिचित सरकारी अधिकारियों के अनुसार, दो-चरणों की प्रक्रिया का पहला भाग इस सप्ताह शुरू किया गया, जिसमें सामान्य सार्वजनिक महत्व के विधि बिंदुओं पर उच्च न्यायालय से प्रमाणन प्राप्त करना शामिल है। यह चरण सफल होता है, तो अपील बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। ब्रिटेन की एक अदालत के अधिकारी ने पुष्टि की कि भारत सरकार ने इस संबंध में आवेदन किया था।

# डॉक्टर के निर्देश पर इंजेक्शन के बाद हुई थी मौत, SC ने गैर इरादतन हत्या की धारा हटाई

**नई दिल्ली :** मरीज को इंजेक्शन लगाने के लिए कथित रूप से फोन पर नर्स को निर्देश देने वाले डॉक्टर को सुप्रीम कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के मामले में राहत दे दी है। मरीज की इंजेक्शन लगाने के बाद मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा है कि वह लापरवाही से मौत (धारा-304 ए) के तहत केस जारी रखें और गैर इरादतन हत्या की धाराओं को खारिज कर दिया है। SC ने गैर इरादन हत्या मामले में दाखिल चार्जशीट और कार्रवाई को खारिज कर दिया। बता दें कि आईपीसी की धारा-304 पार्ट 1 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला चलता है और इसके तहत दोषी करार दिए जाने पर 10 साल तक कैद की सजा हो सकती है। वहीं आईपीसी की धारा-304 ए यानी लापरवाही से मौत के मामले में अधिकतम 2 साल कैद की सजा का प्रावधान है।



### क्या है यह मामला

यह मामला तामिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले का है। आरोप था कि डॉक्टर ने फोन पर एक स्टाफ नर्स को निर्देश दिया था कि वह मरीज को इंजेक्शन लगाए। रिएक्शन के कारण मरीज की मौत हो गई थी। अभियोजन पक्ष ने शुरुआत में डॉक्टर के खिलाफ धारा 304, भाग 1 के तहत मामला दर्ज किया था, जो एक गंभीर अपराध है। डॉक्टर की ओर से पहले मद्रास हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट मामला पहुंचा था।

### सुप्रीम कोर्ट में डॉक्टर की दलील

बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि यह मामला ज्यादा से ज्यादा मेडिकल लापरवाही का है, जो धारा 304ए के तहत आता है। याची ने तर्क दिया कि यह मामला धारा 304ए के तहत ही आना चाहिए, खासकर जब हाई कोर्ट ने नर्स के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पहले ही खारिज कर दिया है। याची के वकील ने दलील दी कि उनके क्लाइंट योग्य डॉक्टर हैं और उनके खिलाफ आरोप केवल यह है कि उन्होंने फोन पर एक स्टाफ नर्स को इंजेक्शन लगाने के निर्देश दिए, जिससे मरीज की मौत हो गई।

### समझिए खबरों के अंदर की बात

### लापरवाही और नॉलेज का पार्ट

ऐसी लापरवाही जिस बारे में पहले से जानकारी हो कि उससे किसी की जान जा सकती, वहां लापरवाही का नहीं बल्कि जानबूझकर की गई लापरवाही का मामला बनता है और ऐसे में नॉलेज का पार्ट भी आ जाता है। जहां नॉलेज का पार्ट आ जाए वहां आईपीसी की धारा-304 (गैर इरादतन हत्या) का केस बनता है। इसमें 10 साल कैद की सजा का प्रावधान है। लेकिन लापरवाही से मौत के मामले में अधिकतम 2 साल की जेल होती है। मौजूदा मामले को भी सुप्रीम कोर्ट ने लापरवाही माना है। यह मेडिकल प्रैक्टिशनर के लिए राहत की बात है।

# आज मुंबई को दूसरे और दिल्ली को पहले WPL खिताब की चाहत

रंजीत टाइम्स »

**मुंबई इंडियंस Vs दिल्ली कैपिटल्स** **फाइनल मुकाबला**



**विमिंस प्रीमियर** लीग (WPL) के तीसरे एडिशन का फाइनल आज मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाना है। लीग के पिछले दोनों एडिशंस के फाइनल में जगह बनाने के बावजूद दिल्ली टीम एक बार भी खिताब नहीं जीत सकी। 2023 के फाइनल में मुंबई इंडियंस के हाथों और 2024 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हाथों दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। लगातार तीसरी दफा फाइनल में पहुंची दिल्ली टीम और विनर्स ट्रॉफी के बीच बाधा बनकर खड़ी है मुंबई टीम, जो 2023 की खिताबी सफलता को दोहराने को बेताब है।



विमिंस प्रीमियर लीग 2025

**इस सीजन 2 दफा दिल्ली ने मुंबई को हराया**

2025 के WPL सीजन की बात की जाए, तो मुंबई और दिल्ली के बीच लीग मैचों में 2 बार टक्कर हुई और दोनों ही दफा दिल्ली टीम ने बाजी मारी। वैसे मुंबई इंडियंस टीम की नैट सिवर-ब्रंट और हेली मैथ्यूज मौजूदा सीजन के दौरान कमाल की फॉर्म में दिखी हैं। इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर्स और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली प्लेयर्स की लिस्ट में क्रमशः ब्रंट और मैथ्यूज पहले नंबर पर हैं। ब्रंट ने 493 रन बनाने के अलावा 9 विकेट लिए हैं। वहीं मैथ्यूज ने 17 विकेट लेने के अलावा 304 रन बनाए हैं। इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुकी मेग लैनिंग महिला क्रिकेट की सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। दिल्ली की टीम ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहकर फाइनल में एंट्री की, जबकि मुंबई की टीम ने एलिमिनेटर में गुजरात जॉयंट्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई। मुंबई इंडियंस टीम ब्रेबोर्न स्टेडियम में तीन मैच खेल चुकी है जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने यहां एक भी मैच नहीं खेला है।

**संभावित XI**

**मुंबई इंडियंस:** हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, नैट सिवर-ब्रंट, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमनजोत कौर, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सजीवन साजना, जी कमलिनी, संस्कृति गुप्ता, शबनिम इस्माइल, साइका इशाक

**दिल्ली कैपिटल्स:** मैग लैनिंग (कप्तान), शेफाली वर्मा, जेस जोनासेन, जेमिमा रोड्रिगेज, अनाबेल सुदरलैंड, मारिजान कैप, सराह ब्राइस (विकेटकीपर), निकी प्रसाद, शिखा पांडे, मिन्नु मणि, टिटास साधु

## WPL के विनर्स

**2023** में मुंबई इंडियंस

**2024** में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर

### नंबर्स गेम

**493** रन बनाए हैं नैट सिवर-ब्रंट ने मौजूदा सीजन में। वह विमिंस प्रीमियर लीग के एक सीजन में 400+ रन बनाने वाली पहली प्लेयर हैं

**18** मैच जीते हैं हरमनप्रीत कौर ने कप्तान के तौर पर। वह लीग में संयुक्त रूप से सर्वाधिक मैच जीतने वाली कप्तान हैं

**40** विकेट लिए हैं हेली मैथ्यूज ने लीग में। यह टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट का रेकॉर्ड है

LIVE **टेलिकास्ट:** रात 8 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क, जियोहॉटस्टार और स्पोर्ट्स18 पर

# अंतिम 8 में शि फेंग से हारकर लक्ष्य हुए बाहर



**भाषा, बर्मिंघम:** भारत के लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वॉर्टर फाइनल में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चीन के लि शि फेंग से 10-21, 16-21 से हार गए। वर्ल्ड रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सेन को 44 मिनट तक चले मुकाबले में पराजय का सामना करना पड़ा। उधर, विमिंस डबल्स के क्वॉर्टर फाइनल मैच में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वॉर्टर फाइनल हार गई। त्रिसा और गायत्री को चीन की दूसरी वरीय लियू शेंगशू और तान निंग की जोड़ी ने 21-14, 21-10 से मात दी।

सेन ने अंतिम 16 के मैच में 2024 के चैंपियन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था। फेंग ने पहला गेम सिर्फ 17 मिनट में जीत लिया। फेंग ने शानदार स्मैश से उन्होंने 9-4 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त 11-4 की कर ली। एक समय अंतर 7-12 का हो गया लेकिन फेंग ने शानदार वापसी की। दूसरे गेम में लक्ष्य ने वापसी की कोशिश की लेकिन फेंग ने 27 मिनट में जीत दर्ज कर ली। एक समय सेन 2-5 से पीछे थे लेकिन ब्रेक के बाद उन्होंने 11-8 की बढ़त बना ली। 44 शॉट्स की रेली के बाद स्कोर 14-14 हो गया। सेन को ऊंगली में चोट भी लगी और उन्हें चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी।

**ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप**

# ब्रूक पर लगा 2 साल का बैन

**भाषा, नई दिल्ली:** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 2025 सीजन से आखिरी समय में हटने के बाद दो सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रूक ने इस सप्ताह की शुरुआत में लगातार दूसरे सीजन के लिए खुद को अनुपलब्ध करार देते हुए अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से "बिना शर्त" माफी मांगी थी। BCCI के एक अधिकारी ने बताया कि एक नियम है और उसे लागू कर दिया गया है। प्रतिबंध 2025 और 2026 सीजन तक लागू रहेगा।

# फिर करवट लेने जा रहा मौसम... कहीं लू तो कहीं भयंकर बारिश की चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
बीते कुछ दिनों में देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। पहाड़ों पर हो रही बारिश और बर्फबारी के चलते आसपास के मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं महसूस की गईं। लेकिन अब मौसम एक बार फिर से करवट लेने जा रहा है।

अगर बीते 24 घंटे की बात करें, तो अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, असम, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। हालांकि कोस्टल कर्नाटक, कोंकण व गोवा, सौराष्ट्र व कच्छ में मौसम पहले की तरह ही गर्म रहा।

इराक के आस-पास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जो आने वाले दिनों में देश के कुछ हिस्सों पर असर डाल सकता है। मौसम विभाग की मानें तो गुजरात में 12 मार्च तक लू चलने की संभावना है। वहीं उत्तर पश्चिमी भारत में भी अगले कुछ दिनों तक तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी।

यही हाल मध्य भारत, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत का




भी रहेगा। यहां भी अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ हिस्सों में तापमान में वृद्धि के बाद थोड़ी गिरावट भी देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, 10 मार्च को जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में भी तेज गरज के साथ बारिश देखने को मिलेगी। वहीं तमिलनाडु में भी बौछारें पड़ने की संभावना है।

वहीं 11 मार्च को तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और असम के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लगभग यही स्थिति 12 मार्च को भी बनी रहेगी। जबकि 13 मार्च को जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में भी बारिश होने की संभावना है। जहां एक ओर गुजरात में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है, वहीं दिल्ली में आने वाले दिनों में तेज हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 मार्च को दिल्ली के आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 14 मार्च तक दिल्ली में तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापान 31 से 34 डिग्री के आसपास बना रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 14 से 18 डिग्री के लगभग रहेगा। बारिश के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। बता दें कि 9 मार्च को दिल्ली में सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया।

# नौकरानी ने पायलट को बेसुध कर साथ में खींच लिए अश्लील फोटो, फिर शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका इलाके में सनसनीखेज मामला सामने आया है। घरों में घरेलू सहायिका का काम करने वाली महिला ने अपने मालिक को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ अपने अश्लील फोटो ले लिए। इसके बाद फोटो की मदद से महिला ने मालिक को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़ित एयर इंडिया में पायलट है। वर्तमान में उनकी तैनाती बतौर फर्स्ट अफसर दिल्ली में है।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी महिला अपने साथियों से पुलिसकर्मी और वकील बनाकर कॉल करवा रही है। द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस ने 8 मार्च को पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। द्वारका सेक्टर-12 में रह रहे 57 वर्षीय पीड़ित ने बताया कि ड्यूटी के चलते अधिकतर वह दिल्ली से बाहर रहते हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो बेटियां शामिल हैं।

आरोपी महिला घर में घरेलू सहायिका का काम करती है। उसके पास घर की एक चाबी है। पीड़ित ने बताया कि 24 मई को महिला ने खाना खाने के लिए दिया, जिसे खाने के बाद हल्का नशा सा महसूस होने लगा। इसके बाद महिला ने उसे बेडरूम तक पहुंचाया। पीड़ित ने बताया कि जब वह होश में आया तो उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। महिला भी रूम में मौजूद थी। महिला ने पीड़ित पर गलत हरकत करने का आरोप लगाते हुए फोटो भी दिखाए। इसके बाद पुलिस में शिकायत करने की बात कहकर वहां से चली गई। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने उसे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर पैसों की मांग शुरू कर दी। पीड़ित लगातार उसे पैसे दे रहा था। जून 2024 को एक शख्स ने फोन कर खुद को वकील बताते हुए कहा था कि महिला ने उसके खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दी है। उसने पैसे देकर मामला रफा-दफा करने की बात कही। पीड़ित ने महिला को पैसे दे दिए। कुछ दिन बाद एक शख्स ने खुद को द्वारका सेक्टर 17 का पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि उसके खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की जा रही है। बचने के लिए पैसों की मांग की गई। पीड़ित ने फिर से पैसे दे दिए और मामला दर्ज नहीं करने की बात कही।

## दिल्ली में मैथ्स ग्रैजुएट युवक निकला मोबाइल चोर, चोरी के 52 फोन के साथ गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर से गणित में ग्रेजुएट 37 वर्षीय एक व्यक्ति को 50 से अधिक मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी प्रमोद कुमार गुप्ता ने वर्ष 2013 में उत्तर प्रदेश के गोंडा स्थित एक सरकारी संस्थान से गणित में ग्रेजुएशन किया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रमोद ने वर्ष 2020 में मोबाइल फोन रिपेयरिंग का कोर्स किया था। इसके बाद वह जल्द अमीर बनने के चक्कर में कथित तौर पर दिल्ली और हरियाणा में चोरी के फोन बेचने लगा था। डीसीपी (वेस्ट) विचित्र वीर ने एक बयान में कहा, प्रमोद गुप्ता पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है। उसके कब्जे से चुराए गए या लूटे गए कुल 52 मोबाइल फोन और उनके 15 मदरबोर्ड जब्त किए गए हैं। वह हरियाणा के सोनीपत का निवासी है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस को 6 मार्च को सूचना मिली थी कि रघुबीर नगर में एक व्यक्ति बड़ी संख्या में चोरी के मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने एनडब्ल्यूबी चौक रोड के पास जाल बिछाया और 7 मार्च को करीब 12:30 बजे प्रमोद गुप्ता को मोबाइल फोन से भरा एक बैग ले जाते हुए देखा गया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस द्वारा कुछ दूरी पर ही उसे पकड़ लिया गया। डीसीपी ने बताया कि तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी प्रमोद गुप्ता के पास से विभिन्न ब्रांडों के 52 मोबाइल फोन और 15 मदरबोर्ड मिले, जिसके लिए वह कोई मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा सका। वीर ने बताया कि आरोपी के पास बरामद किए गए दो फोन ख्याला और हरि नगर पुलिस थानों में दर्ज मामलों से जुड़े हैं। अधिकारी ने बताया कि गुप्ता के पिता एक कमीशन एजेंट के रूप में काम करते हैं। वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं।

# सरकारी आयुष डॉक्टर ने पहले खुद एमबीबीएस की फर्जी डिग्री खरीदी, फिर धंधे में उतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आयुष की पढ़ाई कर कूड़ाघाट के डॉक्टर राजेश ने सरकारी नौकरी भी हासिल कर ली। खोराबार स्वास्थ्य केंद्र पर तैनाती के बाद सब उन्हें आदर भाव से देखते थे। परिवार वाले खुश थे। इसी बीच राजेश को एमबीबीएस की डिग्री का ऐसा नशा चढ़ा कि वो फर्जी डॉक्टर बन गया। एमबीबीएस की फर्जी डिग्री बनवाने के बाद वह फर्जी डॉक्टर बनाने का गिरोह चलाने लगा और अब जेल के अंदर पहुंच गया है। राजेश ने नोएडा और खलीलाबाद के गैंग मेंबर की मदद से 21 लोगों की फर्जी डिग्री बनवाई जिसमें अब तक चार डिग्री फर्जी होने की पुष्टि हो चुकी है।

फर्जी डिग्री के खेल का खुलासा सबसे पहले एक स्वास्थ्यकर्मी ने ही की। उसने डी. फार्मा की डिग्री फर्जी होने का दावा करते हुए पुलिस में शिकायत की थी। जांच में पुलिस डॉ. राजेश तक पहुंची तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने फर्जी डिग्री बनाने के मामले में 24 फरवरी को खोराबार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर संविदा पर तैनात राजेश और खलीलाबाद के सुशील चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तब उनके पास से 21 फर्जी एमबीबीएस डिग्री मिली थी।



राजेश ने खुद के लिए कर्नाटक की राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी से डिग्री बनवाई थी जो फर्जी है। उसके पास इस यूनिवर्सिटी की कुल तीन डिग्री मिली हैं। राजेश के पास लखनऊ के आयुर्वेदिक और यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड की 2, चुरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की 2, उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल की 1, आईके गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी की 2, जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद की 4, आयुष एंड हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़ की 1, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद की 3, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा की 1 फर्जी डिग्री मिली है।

सुशील चौधरी के पास लखनऊ के आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड की 1 और चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की 1 फर्जी मेडिकल की डिग्री मिली है। पुलिस इन डिग्री की जांच कर रही है। दो डिग्री कॉलेज से जारी चार एमबीबीएस डिग्री फर्जी साबित हो चुकी है। अन्य की जांच अब भी जारी है। डॉक्टर राजेश जेल जा चुका है, जबकि फर्जी डिग्री छापने का सरगना अब भी फरार है। डॉक्टर के दो साथी नोएडा के रहने वाले हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगी हुई है।

# भारत निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया है कि आयोग ने सभी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर पर अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल, 2025 तक सुझाव भी मांगा है।आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित तौर पर बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को सख्ती से कानूनी दायरे के भीतर हल करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। राजनीतिक दल, 28 हितधारकों में से एक है, जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, निर्वाचन संचालन नियम, 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।